ॐ नमः शिवाय

शिवार्चन पद्धति

[गणेशपूजन, कलशपूजन, शिवपूजन, पार्थिवेश्वरपूजन,
शिवसहस्रनामावली, सस्वर-रुद्राष्टाध्यायी, रुद्रयागहवनविधि
एवं
शिवस्तोत्रों का अनुपम समावेश]

लेखक/संपादक

आचार्य धीरेन्द्र

(भागवत् प्रवक्ता, ज्योतिष, वास्तु,
भूमिशुद्धि एवं कर्मकाण्ड विशेषज्ञ)

प्रकाशक

कान्हादर्शन धार्मिक प्रकाशन

117, गोविन्द खण्ड, विश्वकर्मा नगर, नियर विवेक विहार फैस-2,
शाहदरा दिल्ली-110095

email: kanhadarshan@gmail.com web : www.acharyadhirendra.com

प्रधान कार्यालयः

कान्हादर्शन धार्मिक प्रकाशन

117-गोविन्द खण्ड, विश्वकर्मा नगर,
झिलमिल कालोनी, शाहदरा दिल्ली-110095
संपर्क सूत्रः 9210067801, 9871662417

प्रबन्धक वर्गः

आचार्य सुरेन्द्र जी (फैस रीडर), मो. 9213629513
पं. शीवेन्द्र मणि पाण्डेय, मो. 9971770118
पं. अजेश भार्गव, मो. 9818747603

प्रथम संस्करण-संवत् : २०६८, ईसवी : 2011

©

लेखक एवं प्रकाशक की पूर्वानुमति के बिना इस ग्रंथ के किसी भी भाग को छापना, इलेक्ट्रॉनिक मशीन, फोटो प्रतिलिपि, रिकार्डिंग अथवा अन्य विधि से पुनः प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।

यह एक संशोधित एवं शास्त्रोक्त पद्धति से लिखा गया संस्करण है, इस ग्रन्थ से छेड़खानी करना धर्म को आघात पहुँचाने के बराबर है।

कुल प्रतियाँः 5100

मूल्य : रुपये 40.00

पुस्तक प्राप्ति स्थानः

भारत में सभी धार्मिक पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध।

लेज़र टाइपसैटिंगः

भार्गव लेज़र प्रिन्टर्स, दिल्ली।

दो शब्द

माँ श्रीत्रिपुरसुन्दरी की असीम अनुकम्पा से यह छठा प्रकाशन होने जा रहा है–सनातन धर्म का प्राचीन धर्मग्रन्थ वेद है। वेदों में कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड इन तीनों विषयों का मुख्यत: वर्णन प्राप्त होता है। किन्तु इन तीनों मे प्रधान स्थान कर्मकाण्ड को ही प्राप्त है। इसका कारण यह है कि वेदो में ही यज्ञ-यागादिक कर्मकाण्ड की क्रियाकलापों की पद्धति प्राप्त होती है एवं मन्त्र भी प्राप्त होते हैं। क्योंकि बिना वेदमन्त्रों के प्रयोग के यज्ञ विधान या पूजन विधान अधूरा है; इसलिये वेद के बिना मन्त्र नहीं और मन्त्र के बिना यज्ञ नहीं किये जा सकते। 'शुक्लयजुर्वेद माध्यन्दिनीयशाखा' में विशेषरूप से "शिवार्चन" का विशेष महत्त्व मिलता है,

'वेद: शिव: शिवो वेद:' वेद शिव हैं अर्थात् शिव वेदस्वरूप हैं। यह भी कहा है कि वेद नारायण का साक्षात् स्वरूप है–'वेदो नारायण: साक्षात् स्वयम्भूरिति शुश्रुम'। इसके साथ ही वेद को परमात्म प्रभु का नि:श्वास कहा गया है। इसीलिये भारतीय संस्कृति में वेद की अद्वितीय महिमा है। जैसे ईश्वर अनादि-अपौरुषेय हैं, उसी प्रकार वेद भी सनातन जगत् में अनादि-अपौरुषेय माने जाते हैं। इसीलिये वेद- मन्त्रों के द्वारा शिवजी का पूजन, अभिषेक, यज्ञ और जप आदि किया जाता है।

शिव और रुद्र ब्रह्म के पर्यायवाची शब्द हैं। शिव को रुद्र इसलिये कहा जाता है–कि ये 'रुत्' अर्थात् दु:ख को विनष्ट कर देते हैं–'रुतम्–दु:खम्, द्रावयति– नाशयतीति रुद्र:।'

अत: साम्ब-सदाशिव की उपासना के निमित्त वेदोक्त पद्धति से शिवार्चन पद्धति तैयार की गयी है। मानव-कल्याणार्थ शुक्लयजुर्वेद से सस्वर रुद्राष्टाध्यायी का भी संग्रह किया गया है।

"शिवार्चन पद्धति" में गणेशपूजन, कलशपूजन, शिवपूजन पार्थिवेश्वर-पूजन, शिव-सहस्रनामावली, रुद्राष्टाध्यायी एवं रुद्रयाग-हवनपद्धति, तथा शिव स्तोत्रों के साथ भगवान् शिव संबन्धी अन्य विषयों का भी समावेश किया गया है।

मैं सर्व प्रथम भगवती को कोटिश:प्रणाम करने के पश्चात् सभी विद्वानों का इस प्रकाशन के माध्यम से अभिनन्दन करता हूँ। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि यह "शिवार्चन पद्धति" विद्वानों के लिये कर्मकाण्डिक विषय में विशेषरूप से शिवपूजन में सहायक सिद्ध होगी।

"शिवार्चनपद्धति" की विशेषता है–क्रमवद्ध पूजन एवं पदच्छेद कर सस्वर-रुद्राष्टाध्यायी एवं पूजन के मन्त्र पढ़ने में अति सरल प्रतीत होते हैं जिन्हें सरलता से पढ़ा जा सकता है।

पूजन के विषय में विचार करें–भगवान की षोडशोपचार से या फिर राजोपचार से पूजन का क्रम पूर्ण किया जाता है। इन सबसे क्या प्राप्त होता है?

- आवाहन करने से = यज्ञ का फल प्राप्त होता है।
- आसन चढ़ाने से = इन्द्रपद प्राप्त होता है।
- चरण प्रक्षालन से = पातक नष्ट होते हैं।
- आचमन कराने से = अगाध शान्ति प्राप्त होती है।
- स्नान कराने से = रोग शान्त होते हैं।
- वस्त्र चढ़ाने से = आयु बढ़ती है।
- जनेऊ चढ़ाने से = ब्रह्मतेज की प्राप्ति होती है।
- आभूषण चढ़ाने से = वाहन की प्राप्ति होती है।
- गन्ध चढ़ाने से = काम की प्राप्ति होती है।
- अक्षत चढ़ाने से = सुरक्षा प्राप्त होती है।
- पुष्प चढ़ाने से = स्वर्ग राज्य प्राप्त होता है।
- धूप चढ़ाने से = पापों का नाश होता है।
- दीप दिखाने से = मृत्यु का नाश होता है।
- नैवेद्य चढ़ाने से = व्यक्ति माननीय हो जाता है।
- फल चढ़ाने से = पुत्र की प्राप्ति होती है।
- ताम्बूल चढ़ाने से = कीर्ति एवं स्वर्ग की प्राप्ति होती है।
- आरती करने से = व्यक्ति शुद्धात्मा हो जाता है।
- प्रदक्षिणा करने से = एक-एक पग में पापों का नाश होताहै।
- प्रणाम करने से = अनगिनत वर्षों तक स्वर्ग में वास प्राप्त होता है।
- स्तोत्र पाठ से = दिव्य देह एवं वाक् सिद्धि की प्राप्ति होती है।
- पुराणों के पाठ से = सभी पापों का क्षय होता है।

अत: भगवत् अर्चना श्रेयस्कर है हमारे जीवन को लाभान्वित करने वाली है।

इस पुस्तक के निर्माण में, मैंने जिन-जिन ग्रन्थों से सहायता ली है, तदर्थ मैं उन सभी विद्वान् एवं ग्रन्थ सम्पादकों का सदैव ऋणी रहूँगा। इस **"शिवार्चन पद्धति"** (शिवपूजा एवं सविधि रुद्राभिषेक पद्धति) में जो त्रुटियाँ, अभाव, विच्युतियाँ एवं विसङ्गतियाँ दृष्टिगोचर हों वे मेरे अबोधता का परिणाम है। अत: क्षमा प्रार्थी हूँ। यदि कोई त्रुटि रह गई हो तो लेखक या प्रकाशक को सूचित करें।

– आचार्य धीरेन्द्र

रुद्रपाठ की महिमा

भगवान् सदाशिव की उपासना में रुद्राष्टाध्यायी का विशेष महत्त्व है। शिवमहापुराण में सनकादिक ऋषियों के प्रश्न करने पर स्वयं शिवजी ने रुद्राष्टाध्यायी के मन्त्रों द्वारा अभिषेक का माहात्म्य बतलाते हुए कहा है कि मन, कर्म तथा वचन से एवं परम पवित्र भावना से भगवान् आसुतोष की प्रसन्नता के लिये रुद्राभिषेक करना चाहिये। वायु पुराण में आया है कि रुद्राष्टाध्यायी के नमक (पञ्चम अध्याय) और चमक (अष्टम अध्याय) तथा पुरुषसूक्त का प्रतिदिन तीन बार पाठ करने से मनुष्य ब्रह्मलोक में सम्मान प्राप्त करता है। जो नमक, चमक, होतृमन्त्रों और पुरुषसूक्त का सर्वदा पाठ करता है, वह उसी प्रकार महादेवजी में प्रवेश करता है, जिस प्रकार घर का स्वामी अपने घर में प्रवेश करता है। जो मनुष्य अपने शरीर में भस्म लगाकर, भस्म में शयनकर और जितेन्द्रिय होकर निरन्तर रुद्राष्टाध्यायी का पाठ करता है, वह मनुष्य परा मुक्ति को प्राप्त करता है। जो रोगी और पापी जितेन्द्रिय होकर रुद्राध्याय का पाठ करता है, वह रोग और पाप से मुक्त होकर अद्वितीय सुख प्राप्त करता है।

यथा–नमकं चमकं चैव पौरुषं सूक्तमेव च। नित्यं त्रयं प्रयुञ्जानो ब्रह्मलोके महीयते।।

शतरुद्रियपाठ

शतरुद्रिय रुद्राष्टाध्यायी का मुख्यभाग है। शतरुद्रिय का माहात्म्य रुद्राष्टाध्यायी का ही माहात्म्य है। मुख्यरूप से रुद्राष्टाध्यायी का पञ्चम अध्याय शतरुद्रिय कहलाता है। इसमें भगवान् रुद्र के शताधिक नामों द्वारा उन्हे नमस्कार किया गया है। 'शतं रुद्रा देवता अस्येति शतरुद्रीयमुच्यते'। शतरुद्रिय का पाठ अथवा जप समस्त वेदों के परायण के तुल्य माना गया है। शतरुद्रिय को रुद्राध्याय कहा गया है। भगवान् वेदव्यासजी ने अर्जुन को इसकी महिमा बताते हुए कहा है–

धन्यं यशस्यमायुष्यं पुण्यं वेदैश्च सम्मितम्।
सर्वार्थसाधनं पुण्यं सर्वकिल्बिषनाशनम्। सर्वपापप्रशमनं सर्वदुःखभयापहम्।।

पार्थ! वेद सम्मित यह शतरुद्रिय परम पवित्र तथा धन, यश और आयु की वृद्धि करने

वाला है इसके पाठ से सम्पूर्ण मनोरथों की सिद्धि होती है। यह पवित्र, सम्पूर्ण किल्बिसों का नाशक तथा सभी प्रकार के दु:ख और भय को दूर करने वाला है।

पठन् वै शतरुद्रीयं शृण्वंश्च सततोत्थित:।।
भक्तो विश्वेश्वरं देवं मानुषेषु च य: सदा। वरान् कामान् स लभते प्रसन्ने त्र्यम्बके नर:।।

जो निरन्तर उद्यत रहकर शतरुद्रिय को पढ़ता है और सुनता है तथा विश्वेश्वर का भक्तिभाव से भजन करता है, वह उन विश्वेश्वर के प्रसन्न होने पर समस्त कामनाओं को प्राप्त कर लेता है। महर्षि याज्ञवल्क्यजी ने शतरुद्रिय को अमृतत्व का साधन कहा है। पितामह ब्रह्माजी ने महर्षि आश्वलायन से शतरुद्रिय की महिमा के विषय में बताते हुए कहा है कि–जो शतरुद्रिय का पाठ करता है, वह अग्निपूत होता है, वायुपूत होता है, आत्मपूत होता है, सुरापान के दोष से मुक्त हो जाता है, ब्रह्महत्या के दोष से मुक्त हो जाता है, स्वर्ण की चोरी के पाप से छूट जाता है, शुभाशुभ कर्मों से उद्धार पाता है, भगवान् शिव के आश्रित हो जाता है तथा वह भक्त अविमुक्तस्वरूप हो जाता है। अतएव जो सांसारिक कार्यों से मुक्त हो गये हैं उन परंहंसों को सदा सर्वदा अथवा कम से कम एक बार इसका पाठ अवश्य करना चाहिये। इससे उस ज्ञान की प्राप्ति होती है, जो भवसागर से पार लगा देता है। इसलिये इसको इस प्रकार जानकर मनुष्य कैवल्यरूप मुक्ति को प्राप्त करता है।

शतरुद्रियपाठ विधि

शतरुद्रिय नाम से एक सौ मन्त्रों के पाठ की परम्परा भी कहीं-कहीं है–

यथा–षट्षष्टिर्नीलसूक्तं च पुन: षोडशमेव च। एष ते द्वे नमस्ते न तं विद्द्वयमेव च।। मीढुष्टमेति चत्वारि वयः सोमाष्टमेव च। वेदवादिभिराख्यातमेतद्वै शतरुद्रियम्।।

अर्थात्–रुद्राष्टाध्यायी के पाँचवें अध्याय के 'नमस्ते०' इत्यादि ६६ मन्त्र, पुन: उसी पञ्चम अध्याय के प्रारम्भिक १६ मन्त्र, छठे अध्याय के 'एषते०' और 'अवरुद्र०' ये दो मन्त्र, पञ्चम अध्याय के 'नमस्ते०' और 'याते०' ये दो मन्त्र, फिर शुक्ल यजुर्वेदसंहिता के १७वें अध्याय के ३१वें तथा ३२वें मन्त्र ('न तं विद्०' तथा 'विश्वकर्मा०') उपरान्त रुद्राष्टाध्यायी के पञ्चमअध्याय के ५१वें मन्त्र से ५४वें मन्त्र ('मीढुष्ट०' से 'असंख्याता०') तक और पुन: रुद्राष्टाध्यायी के सम्पूर्ण छठे अध्याय के आठ मन्त्रों का यथोक्त रूप से क्रम-पूर्वक पाठ करने पर सौ मन्त्र हो जाते हैं। सौ मन्त्र होने से इसे शतरुद्रिय कहा जाता है। सामान्यत: सम्पूर्ण रुद्राष्टाध्यायी द्वारा रुद्राभिषेक आदि कार्य अधिक प्रचलित है।

रुद्रपाठ के भेद

रुद्र पाठ पाँच प्रकार के बताये जाते हैं (रुद्रा: पञ्चविधा: प्रोक्ता)–१-रूपक या षडङ्ग-पाठ, २-रुद्री या एकादशिनी, ३-लघुरुद्र, ४-महारुद्र, तथा ५-अतिरुद्र।

१. रूपक या षडङ्गपाठ

सम्पूर्ण रुद्राष्टाध्यायी में १० अध्याय हैं, प्रथम आठ अध्यायों में भगवान् रुद्र की विशेष महिमा तथा उनकी कृपाशक्ति का वर्णन होने से ये आठ अध्याय रुद्राष्टाध्यायी के नाम से प्रसिद्ध हैं। ९वें अध्याय में 'ऋचं वाचं प्रपद्ये' इत्यादि २४ मन्त्र हैं। यह अध्याय शान्त्यध्याय के नाम से जाना जाता है। अन्तिम १०वें अध्याय में 'स्वस्ति न इन्द्रो०' इत्यादि बारह मन्त्र हैं, जो स्वस्तिप्रार्थनाध्याय के नाम से जाना जाता है। ये दस अध्याय होने पर भी नाम रुद्राष्टाध्यायी ही है।

इस प्रकार पूरे दस अध्यायों की एक सामान्य आवृत्ति रूपक या षडङ्गपाठ कहलाता है।

२. रुद्री या एकादशिनी

षडङ्गपाठ में नमकाध्याय (पञ्चम) तथा चमकाध्याय (अष्टम) का संयोजन कर रुद्राध्याय की-की गयी ग्यारह आवृत्ति को रुद्री या एकादशिनी कहते हैं। आठवें अध्याय के साथ पाँचवें अध्याय की जो आवृत्ति होती है, उसके लिये शास्त्र सम्मत एक निश्चित विधान है—आठवें अध्याय के क्रमशः चार-चार तथा फिर चार मन्त्रों, तीन-तीन तथा पुनः तीन मन्त्रों; तदनन्तर दो मन्त्र, फिर एक-एक मन्त्र और पुनः दो मन्त्रों के अनन्तर पूरे पाँचवें अध्याय (नमक) की एक-एक आवृत्ति होती है। अन्त में शेष दो मन्त्रों का पाठ होता है। इस प्रकार आठवें अध्याय के कुल उन्तीस मन्त्रों को रुद्रों की संख्या गयारह होने के कारण ग्यारह आवृत्ति में विभक्त किया गया है—ऐसा रुद्रकल्पद्रुम में बताया गया है। इसके बाद नवें और दसवें अध्याय का पाठ होता है। इस प्रकार की गयी एक आवृत्ति को रुद्री या एकादशिनी कहते हैं।

३. लघुरुद्र

एकादशिनी रुद्री की ग्यारह आवृत्तियों के पाठ को लघुरुद्र पाठ कहा जाता है। यह लघुरुद्र-अनुष्ठान एक दिन में ग्यारह ब्राह्मणों का वरण करके एक साथ सम्पन्न कराया जा सकता है तथा एक ब्राह्मण द्वारा अथवा स्वयं ग्यारह दिनों तक एक एकादशिनी-पाठ नित्य करने पर भी लघुरुद्र की सम्पन्नता होती है।

४. महारुद्र

लघुरुद्र की ग्यारह आवृत्ति अर्थात् एकादशिनी रुद्री की १२१ अवृत्ति (पाठ) होने पर महारुद्र अनुष्ठान होता है। यह पाठ ११ ब्राह्मणों द्वारा ग्यारह दिनों तक कराया जा सकता है

तथा एक दिन में भी ब्राह्मणों की संख्या बढ़ाकर १२१ पाठ होने पर महारुद्र अनुष्ठान सम्पन्न हो जाता है।

५. अतिरुद्र

महारुद्र की ग्यारह आवृत्ति अर्थात् एकादशिनी रुद्री की १३३१ आवृत्ति होने से अतिरुद्र-अनुष्ठान सम्पन्न होता है।

ये अनुष्ठान पाठात्मक, अभिषेकात्मक तथा हवनात्मक तीनों प्रकार से किये जा सकते हैं। शास्त्रों में इन अनुष्ठानों के महिमा का अत्यधिक वर्णन प्राप्त होता है।

भट्टभास्कराचार्यकृत रुद्रनमक के भाष्य के अन्त में रुद्र मन्त्रों के अनेक प्रयोग निर्दिष्ट हैं। सब प्रकार की सिद्धि के लिये वहाँ बताया गया है कि रुद्राध्याय के मात्र पाठ अथवा जप से ही समस्त कामनाओं की पूर्ति हो जाती है—'अस्य रुद्राध्यायस्य जप मात्रेणैव सर्वसिद्धिः।' सूत संहिता का कहना है कि रुद्रजापी महापातकरूपी पञ्जर से मुक्त होकर सम्यक्-ज्ञान प्राप्त करता है और अन्त में विशुद्ध मुक्ति प्राप्त करता है। रुद्राध्याय के समान जपने योग्य, स्वाध्याय करने योग्य वेदों और स्मृतियों आदि में अन्य कोई मन्त्र नहीं है—

रुद्रजापी विमुच्येत महापातकपञ्जरात्। सम्यग्ज्ञानं च लभते तेन मुच्येत बन्धनात्।।
अनेन सदृशं जप्यं नास्ति सत्यं श्रुतौ स्मृतौ।

भगवान् रुद्र की प्रसन्नता के लिये निष्काम भाव से रुद्रपाठ का अनन्त फल है। वायुपुराण के अनुसार वह जीव उसी देह से निश्चितरूप से रुद्रस्वरूप हो जाता है अर्थात् सायुज्य मुक्ति प्राप्त करता है—

मम भावं समुत्सृज्य यस्तु रुद्राञ्जपेत् सदा।
स तेनैव च देहेन रुद्रः सञ्जायते ध्रुवम्।।

श्रीगणेशाय नमः

अथमङ्गलाचरणम्

ॐ वक्रतुण्डमहाकाय कोटिसूर्य समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।१।।
ॐ सर्वरूप मयीदेवी सर्वं देवीमयं जगत्।
अतोऽहं विश्वरूपां तां नमामि परमेश्वरीम्।।२।।
कदम्बवनचारिणीं मुनिकदम्बकादम्बिनीं
नितम्बजितभूधरां सुरनितम्बिनीसेविताम् ।
नवाम्बुरुहलोचनामभिनवांबुदश्यामलां
त्रिलोचनकुटुम्बिनीं त्रिपुरसुन्दरीमाश्रये।।३।।
अशेषसंसारविहारहीन-
मादित्यगं पूर्णसुखाभिरामम्।
समस्तसाक्षिं तमसः परस्ता-
न्नारायणं विष्णुमहं भजामि।।४।।
यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो
बौद्धा बुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः।
अर्हन्नित्यथ जैनशासनरताः कर्तेति मीमांसकाः
सोऽयंवोविदधातुवाञ्छितफलंत्रैलोक्यनाथो हरिः।।५।।
मृत्युञ्जयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे।
अमृतेशाय शर्वाय महादेवाय ते नमः।।६।।
गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।७।।

✡✡✡

देवपूजन में विचारणीय

१. देव पूजन में पुष्प अधोमुख न चढ़ायें। पुष्प जैसे उत्पन्न होते हैं उसी प्रकार से चढ़ाये जाते हैं।
२. विल्वपत्र उल्टा करके चढ़ायें।
३. कुशा के अग्रभाग से देवताओं के ऊपर जल न छिड़कें।
४. धोती में रखा हुआ और जल में डुबोया हुआ पुष्प चढ़ाने के योग्य नहीं रह जाता।
५. भगवान् शङ्कर को कुन्द, श्रीविष्णु को धतूरा, देवी को आक और मदार, सूर्य भगवान् को तगर का पुष्प नहीं चढ़ाना चाहिये।
६. श्रीविष्णु को चावल, गणेश को तुलसी, दुर्गा को दूर्वा, और सूर्य भगवान् को विल्वपत्र नहीं चढ़ाना चाहिए।
७. देवताओं के लिये प्रज्ज्वलित किया गया दीपक कभी भी नहीं बुझाना चाहिये।
८. हाथ में धारण किये गये पुष्प, ताम्रपात्र में रखा गया चन्दन और चर्मपात्र में रखा गया गङ्गाजल अशुद्ध हो जाता है।
९. दीपक को दीपक से जलाने वाला मनुष्य दरिद्री हो जाता है।
१०. एक हाथ से प्रणाम करने पर मनुष्य अपना पुण्य नष्ट कर लेता है।
११. माङ्गलिक कार्यों में दूसरे की अँगूठी धारण नहीं करनी चाहिये।
१२. सभी पूजाक्रम में पत्नी को दाहिने भाग में बैठने का विधान प्राप्त होता है। अभिषेक और ब्राह्मणों के पैर धुलने, सिन्दूर दान के समय, एवं शयन करते समय पत्नी को वाम-भाग में रहने का विधान है।
१३. स्त्री आचमन के स्थान पर जल से नेत्रों को पोछ ले।
१४. स्त्रियों के बायें हाथ में ही रक्षासूत्र बाँधने का विधान है।
१५. वैवाहिक एवं घर के भीतर नित्य होम में पूर्णाहुति का विधान नहीं है।
१६. शनिवार, मङ्गलवार, बुधवार एवं शुक्रवार को लक्ष्मीपूजन प्रारम्भ न करें।
१७. जो मनुष्यआलस्य वश देवताओं के पूजन किये बिना ही भोजन करता है, वह नरक को प्राप्त कर सूकर की योनि को प्राप्त करता है।

✡✡✡

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

पूजन क्रम प्रारम्भ

मङ्गलं भगवान् शम्भुः मङ्गलं वृषभध्वजः।
मङ्गलं पार्वतीनाथ मङ्गलाय तनो शिवः।।

सर्वप्रथम पूजनकर्ता स्नान आदि नित्यक्रिया से निवृत्त होकर, नवीन या घर में धोये हुए शुद्ध वस्त्र एवं उपवस्त्र धारण कर, सपत्नीक शुद्ध आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठ जाएँ एवं पवित्र हो, पवित्रीकरण, आचमन आदि करें। यजमान-पत्नी को यजमान के दक्षिण भाग में बैठने का विधान है॥ यथा–

सर्वेषु शुभकार्येषु पत्नी दक्षिणतः शुभाः।
अभिषेके विप्रपादक्षालने चैव वामतः।।
वामे पत्नी त्रिषु स्थाने पितृणां पाद शौचने।
रथारोहणकाले च ऋतुकाले सदा भवेत्।।

– अथ पवित्रीकरणम् –

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपिवा।
यः स्मरेत्पुण्डरी काक्षं सबाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।
ॐपुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐपुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐपुण्डरीकाक्षः पुनातु,
(तज्जले दक्षिण हस्तेन आत्मानं पूजासामग्रीं च सम्प्रोक्ष्य)

– त्रिराचमनम् –

ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः, ॐ माधवाय नमः। ॐ हृषीकेशाय नमः, इति करौ प्रक्षाल्य। तीन बार आचमन करें एवं हाथ धो लें।

– आसनशुद्धिः –

हाथ में जल लेकर निम्न लिखित विनियोग पढें और जल किसी एक पात्र में या पृथिवी पर छोड़ दें।

विनियोगः–**ॐ पृथिवीतिमन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता आसन शोधने विनियोगः।**

ॐ पृथ्वी त्वया धृतालोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्।।

आसन में जल छिड़कें।

– पवित्रीधारणम् –

निम्नलिखित मन्त्र से दाहिने हाथकी अनामिका के मूलभाग में पवित्रीधारण करें।

ॐपवित्रेस्थो व्वैष्णव्यौ सवितुर्व्वः प्रसवऽउत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्यरश्मिभिः। तस्यतेपवित्रपतेपवित्रपूतस्ययत्तकामःपुने तच्छकेयम्।

यथा वज्रं सुरेन्द्रस्य यथा चक्रं हरेस्तथा।
त्रिशूलं च त्रिनेत्रस्य तथा मम पवित्रकम्।।

(इस मन्त्र से आनामिका के मूल में पवित्री धारण करें)

– शिखाबन्धनम् –

हाथ में जल लेकर निम्न लिखित विनियोग पढें और जल किसी एक पात्र में या पृथिवी पर छोड़ दें।

विनियोगः– ॐ मानस्तोकिति मन्त्रस्य कुत्सऋषिः जगती छन्दः एकोरुद्रोदेवता शिखाबन्धने विनियोगः। (निम्न लिखित मन्त्र से शिखा बाँधें)

ॐचित् रूपिणी महामाये दिव्यतेजः समन्विते।
तिष्ठ देवि शिखा बन्धे तेजो वृद्धिं कुरुश्च मे।।
ब्रह्मवाक्य सहस्रेण शिववाक्य शतेन च।
विष्णोर्नाम सहस्रेण शिखाग्रन्थिं करोम्यहम्।।

– प्राणायामः –

पूरक, कुम्भक एवं रेचक निम्नलिखित मन्त्र से तीन बार प्राणायाम करें:–

ॐभूः ॐभुवः ॐस्वः ॐमहः ॐजनः ॐतपः ॐसत्यम् तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्। आपो ज्योति रसोमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।। (हस्तौ प्रक्षाल्य)

– आधारशक्ति पृथिवीपूजनम् –

यजमान के सामने सिन्दूर से त्रिकोण रेखा खींच कर गन्ध, अक्षत व पुष्प लेकर माता पृथ्वी की पूजा करें।

ॐस्योनापृथिवि नोभवा नृक्षरानिवेशनी।। यच्छानः शर्म्मसप्रथाः।।

ॐभूर्भुवः स्वः आधारशक्त्यै नमः विष्णुपत्न्यै नमः वसुन्धरायै नमः सकल पूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। **(भूमि को स्पर्श कर प्रणाम करें)**

प्रर्थनाम्–**ॐ पृथ्वी त्वया धृतालोका देवि त्वं विष्णुना धृता।**
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्।।
ॐभूर्भुवः स्वः पृथिव्यै नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि प्रणमामि।

– यजमानभाले-स्वस्ति तिलकम् –

निम्नलिखित मन्त्र से अपने संप्रदायानुसार चन्दन लगायें।

– पुरुषस्य तिलककरण मन्त्रः –

ॐभद्रमस्तु शिवञ्चास्तु महालक्ष्मीः प्रसीदतु।
रक्षन्तु त्वां सदा देवाः सम्पदः सन्तु सर्वदा।।

– महापुरुषस्य तिलक करण मन्त्रः –

ॐस्वस्तिनऽइन्द्रोव्वृद्धश्श्रवाः स्वस्तिनः पूषाव्विश्श्ववेदाः।। स्वस्ति नस्ताक्ष्र्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्प्पतिर्द्दधातु।

– अक्षतारोपणम् (अक्षत लगायें) **–**

ॐयुञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परितस्थुषः। रोचन्तेरोचना दिवि।(ऋग्वे.)

– बाकस्य तिलक मन्त्रः –

ॐयावद् गङ्गा कुरुक्षेत्रे यावत्तिष्ठति मेदिनी।
यावद् रामकथा लोके तावज्जीवतु बालकः।।

– कन्यायाः तिलक मन्त्रः –

ॐअम्बेऽअम्बिकेऽम्बालिके नमानयति कश्चन। स सस्त्यश्श्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम्।।

– सौभाग्यवत्याः स्त्रियः तिलक मन्त्रः –

ॐश्रीश्चतेलक्ष्मीश्च पत्क्न्यावहोरात्रे पार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽइषाण।।

(आयुष्मती सौभाग्वतीपुत्रवती जीववत्सा भव)

– विधवायाः तिलक मन्त्रः –

ॐतद्विष्णोः परमंपदǃ सदापश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्।। त्रीणिपदा व्विचक्रमे विष्णुर्गोपाऽअदाब्भ्यः। अतो धर्म्माणि धारयन्।।

(आयुष्मती धर्मवती विष्णुव्रतवती भव)

– रक्षासूत्र बन्धनम् –

निम्नलिखित मन्त्र से यजमान के दक्षिण हाथ में रक्षासूत्र बाँधें। कन्याओं के दक्षिण हाथ में ही मौली बाँधें एवं विवाहित स्त्रियों के बायें हाथ में रक्षासूत्र बाधें।

ॐ येन बद्धो बलीराजा दानवेन्द्रो महाबलः।
ते न त्वां मनु बध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।

– यजमान हस्ते कङ्कण बन्धनम् –

ॐ यदाबध्नन्दाक्षायणाहिरण्यǃ शतानीकाय सुमनस्यमानाः। तन्मऽ आबध्नामि शतशारदाया युष्माञ्जरदष्टिर्यथासम्।।

– यजमानपत्नी वाम हस्ते कङ्कण बन्धनम्ः –

ॐ तम्पत्नीभिरनु गच्छेमदेवाः पुत्रैर्भ्रातृभिरुतवाहिरण्यैः। नाकङ् गृभ्णानाः सुकृतस्य लोके तृतीये पृष्ठेऽअधिरोचने दिवः।।

– ग्रन्थिबन्धनम् –

ॐ श्रीश्चतेलक्ष्मीश्चपत्क्न्यावहोरात्रेपार्श्वे नक्षत्राणिरूपमश्विनौ व्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽइषाण।।

इस मन्त्र से ग्रन्थि बन्धन करें।

– कर्मपात्रपूजनम् –

यजमान के बायीं ओर त्रिकोण-मण्डल बनाकर गन्धाक्षत से पूजन कर कर्मपात्र स्थापित करें एवं हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से वरुण का आवाहन करें।

ॐ भगवन् वरुणागच्छ त्वमस्मिन् कलशे प्रभो।
कुर्वेऽत्रैव प्रतिष्ठां ते जलानां शुद्धि हेतवे।।

ॐ भूर्भुवः स्वः अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सायुधं स शक्तिकं आवाहयामि-स्थापयामि, सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि-नमस्करोमि।

अङ्कुश मुद्रा दिखाकर तीर्थों का आवाहन करें एवं मत्स्य मुद्रा से ढँक लें, व निम्नलिखित मन्त्र को आठ बार पढ़ें।

ॐ वं वरुणाय नमः।

कर्मपात्र का थोड़ा सा जल लेकर पूजन सामग्री, भूमि एवं यजमान के ऊपर निम्नलिखित मन्त्र से संप्रोक्षण करें।

ॐ पुनन्तुमादेवजनाः पुनन्तुमनसाधियः।
पुनन्तुव्विश्श्वा भूतानिजातवेदः पुनीहि मा।।

– भूतापसारणम् –

बाएँ हाथ में पीली सरसो या अक्षत लेकर दाहिने हाथ से कर्म भूमि के चारों तरफ व दसों दिशाओं में निम्नमन्त्र पढ़ते हुए बिखेरकर भूतापसारण करें।

अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमि संस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।
अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्।
सर्वेषामविरोधेन पूजा कर्म समारभे।।
यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वदा।
स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु।।
भूत प्रेत पिशाचाद्या अपक्रामन्तु राक्षसाः।
स्थानदस्माद् ब्रजन्त्यन्यत् स्वीकरोमि भुवं त्विमाम्।।
भूतानि राक्षसा वापि येऽत्र तिष्ठन्ति के चन।
ते सर्वेऽप्यपगच्छन्तु देवपूजां करोम्यहम्।।

तीन बार ताली बजाकर सभी विघ्नों का अपसारण करें।

–: स्वस्तिवाचनम् :–

हाथ में अक्षत पुष्प लेकर सुन्दर धारणाओं की कल्पना करें एवं मंगल मन्त्रों का श्रवण करें।

हस्ते अक्षत् पुष्पाणि गृहीत्वा स्वस्तिवाचनं पठेत्–

ॐ आनोभद्राः क्रतवोयन्तु व्विश्वतोदब्धासोऽअपरीतासऽ उद्भिदः। देवानोयथासद मिद्वृधेऽअसन्नप्रायुवोरक्षितारोदिवे दिवे॥१॥

देवानांभद्रासुमतिर्ऋजू यतान्देवानांᳬ रातिरभिनो निवर्त्तताम्।।
देवानांᳬसख्यमुपसे दिमाव्वयन्देवा नऽआयुः प्रतिरन्तु जीवसे।।२।।

तान्पूर्व्वया निविदा हूमहेव्वयम्भगंम्मित्रमदितिन्दक्षंमस्रिधम्।
अर्य्यमणं व्वरुणꣳसोमंमश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।३।।

तन्नोव्वातो मयो भुव्वातुभेषजन्तन्माता पृथिवीतत्पिताद्यौः।
तद्ग्रावाणः सोमसुतोमयोभुवस्तदश्विना शृणुतन्धिष्ण्या युवम्।।४।।

तमीशानञ्जगतस्तस्थुषस्पतिन्धियन्जिन्वमवसे हूमहे व्वयम्। पूषा नो यथा वेदसामसद्वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तयै।।५।।

ॐस्वस्तिनऽइन्द्रो व्वृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषाव्विश्ववेदाः। स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु।।६।।

पृषदश्वामरुतः पृश्निमातरः शुभँय्यावानो व्विदथेषुजग्मयः। अग्निजिह्वामनवः सूरचक्षसो व्विश्वेनोदेवाऽअवसागमन्निह।।७।।

भद्रङ्कर्णेभिः शृणुयामदेवा भद्रम्पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरै रङ्गैस्तुष्टुवाᳬ सस्तनूभिर्व्व्यशेमहि देवहितँय्यदायुः।।८।।

शतमिन्नुशरदोऽअन्तिदेवा यत्रानश्चक्राजरसन्तनूनाम्। पुत्रासोयत्र पितरो भवन्तिमानोमद्ध्यारीरिषतायुर्गन्तोः।।९।।

अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्म्माता स पितासपुत्रः। व्विश्वे देवाऽ अदितिः पञ्चजनाऽअदितिर्जातमदितिर्जनित्त्वम्।।१०।।

द्यौः शान्तिरन्तरिक्षꣳ शान्तिः पृथिवीशान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। व्वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्मशान्तिः सर्व्वꣳ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि।।११।।

यतोयतः समीहसेततोनोऽअभयङ्कुरु।। शन्नः कुरुप्रजाभ्योभयन्नः पशुभ्यः।।१२।। ॐशान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

शान्तिर्भवतु सुशान्तिर्भवतु।

निम्नलिखित मन्त्रों से हाथ में अक्षत–पुष्प लेकर महागणपति आदि का स्मरण करें–

ॐ श्रीमन्महागणाधिपतये नमः। ॐ लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः। ॐउमा महेश्वराभ्यां नमः। ॐवाणीहिरण्यगर्भाभ्यां नमः। ॐ शची–पुरन्दराभ्यां नमः। ॐ माता–पितृचरणकमलेभ्यो नमः। ॐ इष्टदेवताभ्यो नमः। ॐ कुलदेवताभ्यो नमः। ॐग्रामदेवताभ्यो नमः। ॐ स्थानदेवताभ्यो नमः। ॐ वास्तुदेवताभ्यो नमः। ॐ सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। ॐ गुरुभ्यो नमः। ॐ परमगुरुभ्यो नमः। ॐ परमेष्ठीगुरुभ्यो नमः। ॐ परात्परगुरुभ्यो नमः ॐ सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। ॐ एतत् कर्मप्रधान देवताभ्यो नमः।

–: गणपतिं ध्यायेत् :–

सुमुखश्चैक दन्तश्च कपिलोगज कर्णकः।
लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।
धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः।
द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि।।
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा।
संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।
शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।
प्रसन्न वदनं ध्यायेत् सर्व विघ्नोपशान्तये।।
अभीप्सितार्थ सिद्धचर्थं पूजितो यः सुरासुरैः।
सर्वविघ्न हरस्तस्मै गणाधिपतये नमः।।
सर्व मङ्गल माङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
सर्वदा सर्वकार्येषु नास्ति तेषाममङ्गलम्।
येषां हृदिस्थो भगवान् मङ्गलाय तनो हरिः।।
तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव।
विद्याबलं दैवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि।।
लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः।
येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः।।
यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्रपार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयोर्भूति र्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम।।
अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।
स्मृतेः सकलकल्याणं भाजनं यत्र जायते।
पुरुषं तमजं नित्यं व्रजामि शरणं हरिम्।।
सर्वेष्वारम्भ कार्येषु त्रयस्त्रिभुवनेश्वराः।
देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशान जनार्दनाः।।
विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवम्।
वन्दे काशीं गुहांगङ्गां भवानीं मणि कर्णिकाम्।।
वक्रतुण्डमहाकाय कोटि सूर्य समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।
विनायकं गुरुं भानु ब्रह्मविष्णु महेश्वरान्।
सरस्वतीं प्रणम्यादौ सर्वकार्येषु सिद्धये।।

✡ संकल्पः ✡

यजमान अपने हाथ में जल, अक्षत, पुष्प, सुपाड़ी, पैसा और कुश रखे एवं पवित्र भावना से पूजन करने के निमित्त प्रतिज्ञा संकल्प करेः–

हस्ते जलाऽक्षत द्रव्यं पुष्पं कुशञ्चादाय सङ्कल्पं कुर्यात्ः–

ॐ विष्णुः, विष्णुः, विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्राह्मणोह्नि द्वितीयेपरार्द्धे विष्णुपदे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवश्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत-ब्रह्मावर्त्तैक देशे.....स्थाने, विक्रमशके बौद्धावतारे .....नामसंवत्सरे.....अयने.....ऋतौ.....मासे.....पक्षे.... तिथौ.....वारे.....नक्षत्रे.....योगे....करणे.....राशि स्थितेचन्द्रे. .....राशिस्थितेभास्करे.....रास्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथा-यथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं ग्रह-गुण विशेषण विशिष्टायां शुभ वेलायां शुभ पुण्य तिथौ.....गोत्रोत्पन्नोऽहं .....नामोऽहं (वर्मोऽहं, गुप्तोऽहं) शर्मोऽहं ममात्मनः श्रुतिस्मृति पुराण इतिहासोक्त फलावाप्तये, ऐश्वर्य अभिवृद्धचर्थं, अप्राप्त लक्ष्मी प्राप्त्यर्थं, प्राप्त लक्ष्म्याः चिरकाल संरक्षणार्थं, सकल मन ईप्सित कामना संसिद्धि अर्थं, लोके सभायां राजद्वारे वा सर्वत्र यश-विजय-लाभादि प्राप्ति अर्थं, इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सकल दुरित उपशमनार्थं, जन्मकुण्डल्यां, वर्षकुण्डल्यां, मास कुण्डल्यां, गोचरे च अरिष्ट स्थान स्थितानां सूर्यादिनवग्रह कृत सर्वविध पीडोपशान्त्यर्थं, सर्वापच्छान्ति पूर्वकं क्षेमस्थैर्य दीर्घायुः आरोग्य विपुल धन धान्य पुत्र-पौत्रादि प्राप्त्यर्थं सूर्यादि नवग्रहानुकूलता प्राप्त्यर्थं, तथा इन्द्रादिदश दिक्पाल प्रसन्नता सिद्धचर्थं, धर्मार्थ-काम-मोक्ष-चतुर्विध पुरुषार्थ सिद्धिद्वारा श्रीसाम्ब सदाशिवप्रीति कामनया ॐभूर्भुवःस्वः श्रीभवानीशङ्कर महारुद्र देवता प्रीत्यर्थं (नर्मदेश्वर, टंकेश्वर, पार्थिवेश्वर) शिवलिङ्गोपरि यथाज्ञानेन, षडङ्गन्यास पूर्वकं, ध्यानावाहनादि यथा मिलितोपचारैःपूजन पूर्वकं, जलधारया (दुग्धधारया).....संख्याकब्राह्मण द्वारा सकृद् रुद्रावर्तनेन

(नमक-चमकेन, महारुद्रेण, अतिरुद्रेण) अभिषेकं कर्म करिष्ये।

अथाङ्ग संकल्पः (पुनर्जलादिकमादाय)

संकल्पिते कर्मणि तत्रादौ निर्विघ्नता सिद्ध्यर्थं श्रीगणेशाम्बिकयोः पूजनं, आचार्यादिवरणं, कलश पूजनं, आवाहन प्रतिष्ठापन पूर्वकं तत्रादौ दीप-घण्टा-शङ्खाद्यर्चन पूर्वक, यथामिलितोपचार द्रव्यैः सर्वे सांकल्पित देवानां पूजनं च करिष्ये।

– कर्मज्योति पूजनम् –

कलश के दक्षिण भाग (ईशान भाग) में दीपक के लिये अक्षत आदि से आसन बनाकर उसपर दीपक रखकर हाथ में गन्ध, अक्षत व पुष्प लेकर आवाहन करें।

ॐ अग्निर्ज्ज्योतिषा ज्ज्योतिष्मान्रुक्मो वर्च्चसाव्वर्च्चस्वान्। सहस्रदाऽअसि सहस्रायत्वा।।

ॐ भूर्भुवः स्वः दीपस्थदेवतायै नमः कर्मज्योत्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि सकलपूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

प्रार्थना– ॐ भो दीपदेव रूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत्।
यावत् कर्म समाप्तिः स्यात् तावदत्र स्थिरो भव।।

ॐ भूर्भुवः स्वः दीपस्थदेवतायै नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

– भैरव प्रणामः –

ॐ तीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्त दहनोपम।
भैरवाय नमस्तुभ्यं अनुज्ञां दातुमर्हसि।।

इस मन्त्र से महाभैरव का ध्यान करते हुए पुष्पाक्षत आदि समर्पित कर नमस्कार करें।

– घण्टापूजनम् – (घण्टा दीपक के दक्षिण भाग में स्थापित करें)

हाथ में गंध, अक्षत एवं पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से पूजन करें।

हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहीत्वा घण्टा पूजनं करिष्ये।

ॐसुपर्ण्णोसिगरुत्माँस्त्रिवृत्ते शिरोगायत्रञ्चक्षुर्बृहद्रथन्तरेपक्षौ। स्तोमऽआत्माच्छन्दाꣳस्यङ्गानियजूꣳषिनाम॥ सामतेतनूर्व्वामदेव्यँय्यज्ञायज्ञियम्पुच्छन्धिष्ण्याः शफाः॥ सुपर्ण्णोसिगरुत्मान्दिवङ्गच्छ स्वः पत।।

ॐ भूर्भुवः स्वः घण्टस्थगरुणाय नमः, सर्ववाद्यमयीघण्टाय नमः गरुडं आवहयामि स्थापयामि सकल पूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

हाथ में पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से प्रार्थना करें–

प्रार्थनाः– ॐआगमर्थन्तु देवानां गमनार्थं तु रक्षसाम् ।
कुरु घण्टे वरं नादं देवतास्थान सन्निधौ ॥

ॐ भूर्भुवःस्वः घण्टस्थ गरुणाय नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

शङ्ख पूजनम्– शंख देवताओं के वायें भाग में स्थापित करें–

हाथ में गंध, अक्षत एवं पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से शंख पूजन करें एवं एक आचमनी जल डालें।

ॐअग्निर्ऋषिः पवमानः पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे महागयम्॥ उपयामगृहीतो स्यग्नयेत्त्वा व्वर्च्चसऽएषतेयोनिरग्नयेत्त्वाव्वर्च्चसे।।

पुण्यस्त्वं शङ्ख पुण्यानां मङ्गलानां च मङ्गलम्।
विष्णुना विधृतो नित्यं अतः शान्तिप्रदो भव।।
शङ्खं चन्द्रार्क दैवत्यं वरुणं चाधिदैवतम्।
पृष्ठे प्रजापतिं विद्यात् अग्रे गङ्गा सरस्वती।।
त्रैलोक्ये यानि तीर्थानि वासुदेवस्य चाज्ञया।
शङ्खे तिष्ठन्ति वै नित्यं तस्मात् शङ्खं प्रपूजयेत्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः शङ्खस्थदेवतायै नमः शङ्खस्थदेवताम् आवहयामि स्थापयामि सकल पूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमस्करोमि। (शङ्खमुद्रां प्रदर्श्य)

हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर निम्न-लिखित मन्त्र से प्रार्थना करें–

प्रार्थना**–त्वं पुरा सागरोत्पन्नो विष्णुना विधृतः करे।**
निर्मितः सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोऽस्तु ते।।

ॐ भूर्भुव :स्वः शङ्खाधिपतये नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

गणेशाऽम्बिकापूजनम्

ध्यानम्

हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर गणेश और अम्बिका जी का ध्यान करें एवं ध्यान कर अक्षत पुष्प गणेश और अम्बिकाजी के श्रीचरणों में छोड़ दें।

गजाननं भूतगणादि सेवितं कपित्थ जम्बूफल चारुभक्षणम्।
उमासुतं शोकविनाश कारकं नमामिविघ्नेश्वर पादपङ्कजम्।।
या श्रीस्वयं सुकृतिनां भवनेष्व लक्ष्मीः पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।
श्रद्धासतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा तां त्वां नताःस्म परिपालयदेवि विश्वम्॥

ॐ भूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः ध्यायामि ध्यानं समर्पयामि।

–: आवाहनम् :–

हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर निम्न-लिखित मन्त्र से गणेश एवं अम्बिका जी का आवाहन करें।

ॐगणानान्त्वागणपतिꣳहवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपतिꣳहवामहे निधीनान्त्वा निधिपतिꣳ हवामहेव्वसोमम। आहमजानिगर्ब्भधमा त्वमजासि गर्ब्भधम्॥

ॐअम्बेऽअम्बिकेऽम्बालिके नमानयतिकश्चन। स सस्त्यश्श्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः आवाहयामि स्थापयामि आवाहनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

–: प्राणप्रतिष्ठापनम् :–

ॐ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञꣳ समिमन्दधातु।। व्विश्श्वेदेवासऽइहमादयन्ता मोंइ।। प्रतिष्ठ।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सुप्रतिष्ठिते वरदे भवेताम्।

हाथ से स्पर्श कर प्रतिष्ठा करें।

–: आसनम् :–

ॐपुरुषऽएवेदꣳ सर्व्वंय्यद्भूतँय्यच्च भाव्यम्। उतामृतत्त्वस्ये शानो यदन्ने नातिरोहति।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः आसनार्थे पुष्पं समर्पयामि।

गणेशाम्बिका के समीप आसन के निमित्त पुष्प छोड़ें।

–: पाद्यम् :– (चरण-प्रक्षालन)

ॐएतावानस्य महिमा तोज्यायाँश्श्चपूरुषः।। पादोस्य व्विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पाद्योःपाद्यम् समर्पयामि।

गणेशाम्बिका के चरणों का प्रक्षालन करें।

–: हस्तयोः अर्घ्यम् :–

ॐत्रिपादूर्द्ध्वऽउदैत्पुरुषःपादोस्येहाभवत्पुनः।। ततोव्विष्व्वङ् व्यक्क्रामत्सा शनानशनेऽअभि।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः हस्तयोः अर्घ्यम् समर्पयामि।

गणेशाम्बिका को अर्घ्य दें।

–: मुखे-आचमनीयम् :– (एक आचमनी जल से मुख धुलायें)

ॐततोव्विराड जायतव्विराजोऽअधिपूरुषः।। सजातोऽअत्त्यरिच्च्य तपश्च्चाद्भूमि मथोपुरः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः मुखे-आचमनीयम् समर्पयामि।

–: सर्वाङ्गेस्नानम् :–

ॐतस्माद्यज्ञात्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृषदाज्ज्यम् ॥ पशूँताँश्श्चक्क्रे व्वायव्व्या नारण्याग्राम्याश्श्चजे ।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सर्वाङ्गेस्नानं समर्पयामि।

शुद्ध जल से सर्वाङ्ग स्नान करायें।

–: पयः स्नानम् :–

ॐपयःपृथिव्याम्पयऽओषधी षुपयो दिव्यन्तरिक्षेपयोधाः।। पयस्वतीः प्रदिशः सन्तुमह्य्यम्।।२।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पयः स्नानं समर्पयामि।

गणेशाम्बिका को दूध से स्नान करायें।

–: शुद्धोदकस्नानम् :–

ॐ देवस्यत्त्वा सवितुः प्रसवेश्श्विनोर्व्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ।

–: दधिस्नानम् :–

ॐदधिक्राब्णोऽअकारिषं जिष्णणो रश्श्वस्य व्वाजिनः। सुरभिनो मुखा करत्प्रणऽआयूꣳषि तारिषत्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः दधिस्नानं समर्पयामि।

गणेशाम्बिका को दधिस्नान करायें। स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ।

–: घृतस्नानम् :–

ॐघृतम्मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितो घृतम्व्वस्य धाम। अनुष्व धमावह मादयस्व स्वाहाकृतं व्वृषभव्वक्षिहव्व्यम्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः घृतस्नानं समर्पयामि।

घी से स्नान करायें। स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ।

–: मधुस्नानम् :–

ॐमधुव्वाताऽऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः माध्वीर्न्नः सन्त्वोषधीः।

मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्त्पार्थिवꣳ रजः। मधुद्यौरस्तुनः पिता। मधुमान्नो व्वनस्पतिर्म्मधुमाँ२॥ऽ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्ग्गावो भवन्तु नः॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः मधुस्नानं समर्पयामि।

शहद से स्नान करायें। स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ।

–: शर्कारास्नानम् :–

ॐअपाꣳ रसमुद्व्यसꣳ सूर्य्येसन्तꣳ समाहितम्। अपाꣳरसस्ययो रसस्तम्वो गृह्णाम्युत्त ममुपयामगृहीतो सीन्द्रायत्त्वा जुष्टङ्गृह्णाम्येषते योनिरिन्द्रायत्त्वा जुष्टतमम्॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः शर्कारास्नानं समर्पयामि।

शर्करा से स्नान करायें, स्नान के उपरान्त शुद्धजल से स्नान कराएँ।

–: मिलित-पञ्चामृत स्नानम् :–

ॐपञ्चनद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः। सरस्वती तु पञ्चधा सो देशे भवत्सरित्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पञ्चामृत स्नानं समर्पयामि।

पञ्चामृत से स्नान करायें। पुनः जल चढ़ायें।

–: गन्धोदकस्नानम् :–

ॐगन्धर्व्वस्त्वा व्विश्वावसुः परिदधातु व्विश्वस्यारिष्टचै यजमानस्य परिधिरस्यग्निरिडऽईडितः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः गन्धोदकस्नानं समर्पयामि।

चन्दन मिश्रित जल से स्नान करायें।

–: शुद्धोदकस्नानम् :–

ॐशुद्धवालःसर्व्वशुद्धवालोमणिवालस्तऽआश्विनाः। श्येतः श्येताक्षो रुणस्तेरुद्द्राय पशुपतये कण्र्णायामाऽ अवलिप्तारौद्द्रानभो रूपाः पार्ज्जन्याः।।

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

–: अधोवस्त्रम् :–

ॐयुवासुवासाःपरिवीतऽआगात् स उश्रेयान् भवति जायमानः। तन्धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः अधोवस्त्रं समर्पयामि, आचमनं समर्पयामि।

गणेशाम्बिका को अधोवस्त्र चढ़ायें, पुनः जल छोड़ें।

–: यज्ञोपवीतम् :–

ॐयज्ञोपवीतं परमं पवित्रं, प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्रचं प्रतिमुञ्च शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशायनमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि। आचमनंसमर्पयामि, करौ प्रक्षाल्य।

जनेऊ अर्पण करें। पुनः जल छोड़ें एवं हाथ धो लें।

–: उपवस्त्रम् :–

ॐसुजातोज्ज्योतिषा सह शर्म्म व्वरूथ मास दत्स्वः। व्वासोऽअग्ने व्विश्वरूपꣳ संव्ययस्व व्विभावसो।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः उपवस्त्रं समर्पयामि। वस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि, करौ प्रक्षाल्य।

गणेशाम्बिका को उपवस्त्र चढ़ायें। पुनः जल छोड़ें, एवं हाथ धो लें।

–: गन्धम् (चन्दनम्) :–

ॐ त्वाङ्गधर्व्वाऽअखनँस्त्वा मिन्द्रस्त्वाम्बृहस्पतिः। त्वामोषधे सोमो राजा व्विद्वान्न्यक्ष्मा दमुच्च्यत्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः चन्दनं समर्पयामि। (चन्दन लगाायें।)

–: अक्षतान् (चावल) :–

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यवप्रियाऽअधूषत्। अस्तोषत स्वभानवो व्विप्रा नविष्ठया मतीयोजान्विन्द्रते हरी।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः अक्षतान् समर्पयामि। (अक्षत चढ़ायें)

–: पुष्पाणि-पुष्पमाल्याम् :–

ॐओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः। अश्वाऽइव सजित्त्वरीर्व्वी रुधः पारयिष्णवः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पुष्पाणि पुष्पमाल्यां च समर्पयामि।

पुष्प एवं पुष्प माला चढ़ायें।

–: विल्वपत्रम् :–

ॐ नमोबिल्म्मिने च कवचिने च नमो व्वर्म्मिणे च व्वरूथिनेचनमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुभ्या य चा हनन्याय च।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः विल्वपत्रं समर्पयामि। (वेलपत्र चढ़ायें।)

–: दूर्वाङ्कुरान् :–

ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि। एवानो दूर्व्वे

प्प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।

दूर्वाङ्कुरान्सुहरितान् अमृतान् मङ्गलप्रदान्।
आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि। (दूर्वाङ्कुर चढ़ायें)

–: नानापरिमलद्रव्याणि :–

ॐ अहिरिवभोगैः पर्य्येति बाहुञ्ज्याया हेतिम्परि बाधमानः। हस्तघ्नो व्विश्श्वा व्वयुनानि व्विद्वान्पुमान्पुमाꣳ सम्परिपातुव्विश्श्वतः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः नानापरिमल द्रव्याणि समर्पयामि।

गणेशाम्बिका को अबीर, गुलाल हल्दी आदि चढ़ायें।

–: सुगन्धित द्रव्याणि :–

ॐ त्र्यम्बकंय्यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्द्धनम्।। उर्व्वारुकमिव बन्ध नान्मृत्योर्म्मुक्षीय मा मृतात्।। त्र्यम्बकं यजामहेसुगन्धिम्पतिवेदनम्।। उर्व्वा रुकमिव बन्धनादितोमुक्षीय मा मुतः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सुगन्धित द्रव्यं समर्पयामि।

इत्र आदि चढ़ायें।

–: सिन्दूरम् :–

सिन्धोरिवप्प्राध्वनेशूघनासोव्वातप्प्रमियः पतयन्ति यह्वाः घृतस्य धाराऽ अरुषोनव्वाजीकाष्ठाभिन्दन्नूर्म्मिभिः पिन्श्वमानः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सिन्दूरं समर्पयामि। (सिन्दूर चढ़ायें)

–: धूपम् :–

ॐ धूरसिधूर्व्वधूर्व्वन्तंधूर्व्वतंय्योस्मान् धूर्व्वतितंधूर्व्वयं व्वयन्धू र्व्वामः। देवानामसिव्वह्नितमꣳसस्नितमं पप्रितमञ्जुष्ट तमन्देवहूतमम्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः धूपं आघ्रापयामि। (धूप अर्पण करें)

–: दीपम् :–

ॐचन्द्रमामनसोजा तश्चक्षोः सूर्य्योऽअजायत। श्श्रोत्राद्वायुश्चप्प्राणश्च मुखादग्नि रजायत।।

ॐअग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहासूर्योज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः

स्वाहा। अग्निर्व्वर्च्चोज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा सूर्योव्वर्चोज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा। ज्योतिः सूर्यः सूर्योज्ज्योतिः स्वाहा।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः प्रत्यक्ष दीपंदर्शयामि, आचमनं समर्पयामि।

दीपक के समीप चावल छोड़कर हस्त प्रक्षालन करें।

–: अथ गणेशाङ्ग पूजनम् :–

वामहस्ते गन्धाक्षत-पुष्पाणि गृहीत्वा गणेशाङ्ग पूजनम् कुर्यात्–

गन्ध, अक्षत एवं पुष्प आदि से भगवान् गणेशजी के अङ्गों का पूजन करें।

ह्रीं गणेश्वराय नमः पादौ पूजयामि। ह्रीं विघ्नराजाय नमः जानुनीं पूजयामि। ह्रीं आखुवाहनाय नमः ऊरुं पूजयामि। ह्रीं हेरम्बाय नमः कटिं पूजयामि। ह्रीं कामारिसूनवे नमः नाभिं पूजयामि। ह्रीं लम्बोदराय नमः उदरं पूजयामि। ह्रीं गौरीसुताय नमः स्तनौ पूजयामि। ह्रीं गणनायकाय नमः हृदयं पूजयामि। ह्रीं स्थूल कण्ठाय नमः कण्ठं पूजयामि। ह्रीं स्कन्दाग्रजाय नमः स्कन्धौ पूजयामि। ह्रीं पाशहस्ताय नमः हस्तौ पूजयामि। ह्रीं गजवक्त्राय नमः वक्त्रं पूजयामि। ह्रीं विघ्नहर्त्रे नमः ललाटं पूजयामि। ह्रीं सर्वेश्वराय नमः शिरः पूजयामि। ह्रीं गणाधिपाय नमः सर्वाङ्गं पूजयामि।

–: आवरण पूजनम् (अक्षतैः पूजयेत्) :–

वायें हाथ में अक्षत लेकर आवरण पूजन करें।

ह्रीं सुमुखाय नमः। ह्रीं एकदन्ताय नमः। ह्रीं कपिलाय नमः। ह्रीं गजकर्णाय नमः। ह्रीं लम्बोदराय नमः। ह्रीं विकटाय नमः। ह्रीं विघ्ननाशाय नमः। ह्रीं विनायकाय नमः। ह्रीं धूम्रकेतवे नमः। ह्रीं गणाध्यक्षाय नमः। ह्रीं भालचन्द्राय नमः। ह्रीं गजाननाय नमः।

–: गन्धाक्षत पुष्पाण्यादाय :–

अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सल।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं समस्तावरणार्चनम्।।

ॐभूर्भुवः स्वःसुमुखादि समस्तवरण देवताभ्यो नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

हस्ते जलमादाय-अनेन गणपत्याङ्गवरण देवताः पूजनेन सिद्धिबुद्धिसहिताय महागणपतिः प्रीयताम्।

–: नैवेद्यम् :–

ॐनाब्भ्याऽआसीदन्तरिक्षꣳ शीर्ष्णोद्यौः समवर्त्तत । पद्भ्यां भूमि र्द्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ २।। अकल्प्पयन्।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः नैवेद्यं निवेदयामि, नैवेद्यान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि। **धेनुमुद्रयाऽमृतीकृत्य ग्रासमुद्राः प्रदर्शयेत्।**

भोग लगाएँ तदनन्तर धेनु-मुद्रा से अमृती करण करें एवं योनिमुद्रा दिखायें तथा घण्टी बजायें। पश्चात् पञ्चग्रास मुद्रा दिखाकर प्रत्येक मुद्रा में जल छोड़ते जायँ।

ॐप्राणाय स्वाहा। ॐअपानाय स्वाहा। ॐव्यानाय स्वाहा। ॐउदानाय स्वाहा। ॐ समानाय स्वाहा। मध्ये-मध्ये पानीयं उत्तरा-पोशनार्थे जलं समर्पयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य।

–: ऋतुफलम् :–

ॐयाः फलिनीर्य्याऽअफलाऽ अपुष्पायाश्चपुष्पिणीः। बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुञ्चत्वꣳ हसः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमःऋतुफलं समर्पयामि। (ऋतुफल चढ़ायें)

–: मुखवासार्थे ताम्बूलम् :–

ॐ यत्पुरुषेणहविषा देवायज्ञमतन्वत। व्वसन्तोऽस्यासीदा ज्ज्यङ्ग्रीष्मऽ इध्मः शरद्धविः।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः मुखवासार्थे ताम्बूलं समर्पयामि।

गणेशाम्बिका को पान, सुपाड़ी, लौंग और इलायची चढ़ायें।

–: श्रीफलम् (नारिकेल फलम्) :–

ॐश्रीश्चतेलक्ष्मीश्चपत्न्या वहोरात्रेपार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्व्यात्तम्। इष्णन्निषाणा मुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽइषाण।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः श्रीफलं समर्पयामि। (नारियल चढ़ायें)

–: दक्षिणा द्रव्यम् :–

ॐ हिरण्य गर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽआसीत्। सदाधार पृथिवीन्द्यामुतेमाङ्कस्मै देवायहविषा व्विधेम।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः कृतायाः पूजायाः सादगुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि। (गणेशाम्बिका को दक्षिणा (रुपये) चढ़ायें)

–: विशेषार्घ्यम् :–

जल, गन्धाक्षत, फल-पुष्प, दूर्वा, दक्षिणा, एकस्मिन्पात्रे-प्रक्षिप्य

अवनिकृत जानुमण्डलंकृत्वा, अर्घ्यपात्रं अञ्जलिना गृहीत्वा मन्त्रान् पठेत्:-

ॐरक्षरक्ष गणाध्यक्ष रक्ष त्रैलोक्यरक्षक।
भक्तानामभयं कर्ता त्राता भव भवार्णवात्।।
द्वैमातुर कृपासिन्धो षाण्मातुराग्रज प्रभो।
वरदस्त्वं वरं देहि वाञ्छितं वाञ्छितार्थद।।
अनेन सफलार्घ्येण सफलोऽस्तु सदा मम।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः विशेषार्घ्यं समर्पयामि।

जल-गन्ध-अक्षत-फल-पुष्प-दूर्वा-दक्षिणा एक पात्र में एकत्रित कर गणेशजी एवं गौरीजी को विशेषार्घ्य चढ़ायें।

–: प्रार्थना :–

(हस्ते अक्षत-पुष्पाणि गृहीत्वा प्रार्थनां कुर्यात्)

ॐविघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय, लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञ विभूषिताय, गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते।।
भक्तार्ति नाशन पराय गणेश्वराय, सर्वेश्वराय शुभदाय सुरेश्वराय।
विद्याधराय विकटाय च वामनाय, भक्त प्रसन्न वरदाय नमो नमस्ते।।

नमस्ते ब्रह्मरूपाय विष्णुरूपाय ते नमः।
नमस्ते ब्रह्मरूपाय करिरूपाय ते नमः।।
विश्वरूपस्व रूपाय नमस्ते ब्रह्मचारिणे।
भक्तप्रियाय देवाय नमस्तुभ्यं विनायक।।
लम्बोदर नमस्तुभ्यं सततं मोदकप्रिय।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

त्वां विघ्न शत्रुदलनेति च सुन्दरेति भक्तप्रियेति सुखदेति फल प्रदेति।
विद्या प्रदेत्यघहरेति च येस्तु वन्ति तेभ्यो गणेश वरदो भव नित्यमेव।।

गणेश पूजने कर्म यन्न्यूनमधिकं कृतम्।
तेन सर्वेण सर्वात्मा प्रसन्नोऽस्तु सदा मम।।

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

समर्पणम्:-अनया पूजया गणेशाम्बिके प्रीयेतां न मम।।

हाथ में जल लेकर गणेशाम्बिकाजी के श्रीचरणों में छोड़े दें।

✡✡✡

—: कलश पूजनम् :—

सर्व प्रथमकलश में रोली से स्वास्तिक बनाकर व कलश के गले में मौली (कच्चा-सूत्र) लपेटकर पूजन कर्ता को अपनी बायीं ओर अबीर आदि से अष्टदल कमल बनाकर उसपर सप्तधान्य (सतनजा) या चावल अथवा गेहूँ रखकर उसके ऊपर कलश को स्थापित कर नीचे लिखे हुए विधान के अनुसार पूजन करना चाहिये।

— भूमिं स्पर्शेत् —

ॐमहीद्यौः पृथिवी च नऽइमंय्यज्ञम्मिमिक्षताम्। पिपृतान्नो भरीमभिः।। (भूमि का स्पर्श करें)

— सप्तधान्यं विकरेत् —

ॐओषधयः समवदन्तसोमेनसह राज्ञा। यस्मै कृणोति ब्राह्मणस्तꣳ राजन्पारयामसि।। (पृथिवी पर सतनजा (सप्तधान्य) रखें)

— कलशं स्थापयेत् —

ॐआजिघ्र कलशंमह्य्यात्त्वा विशन्त्विन्दवः। पुनरूर्ज्जा निवर्त्तस्व सा नः। सहस्रं धुक्क्ष्वोरुधारा पयस्वती पुनर्म्मा विशताद्द्रयिः।।

सप्तधान्य के ऊपर कलश स्थापित करें।

— कलशे जलपूरणम् —

ॐव्वरुणस्योत्तम्भनमसि व्वरुणस्यस्क्कम्भ सर्ज्जनीस्थो व्वरुणस्यऽऋतसदन्य सिव्वरुणस्यऽ ऋतसदन मसिव्वरुणस्यऽऋत सदनमासीद।। (कलश को जल से पूरित कर दें)

— गन्ध प्रक्षेपः —

ॐत्वाङ्गन्धर्व्वाऽ अखनँस्त्वा मिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः। त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान्यक्ष्मा दमुच्यत्।। (कलश में रोली छोड़ें।)

— धान्य प्रक्षेपः —

ॐधान्यमसि धिनुहि देवान्प्राणायत्त्वो दानायत्त्वा व्यानायत्त्वा। दीर्ग्घा मनुप्प्रसितिमायुषे धान्देवोवः सविताहिरण्यपाणिः प्प्रति गृब्भ्णा त्त्वच्छिद्रेण पाणिनाचक्षुषेत्त्वा महीनाम्पयोसि।।

कलश केअन्दर सप्तधान्य छोड़ें।

— सर्वौषधी प्रक्षेपः —

ॐयाऽओषधीः पूर्व्वाजातादेवेब्भ्यस्त्रियुगम्पुरा। मनैनु बब्भ्रूणामहꣳ शतं धामानि सप्त च।। (कलश में सर्वौषधी डालें।)

— दूर्वा प्रक्षेपः —

ॐकाण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि। एवा नो दूर्व्वे प्प्रतनु सहस्रेण शतेन च।। (कलश में दूर्वा छोडें।)

— पञ्चपल्लव प्रक्षेपः —

ॐअश्वत्थेवो निषदनं पर्ण्णेवो व्वसतिष्कृता। गोभाजऽइत्किला सथ यत्स नवथ पूरुषम्।। (कलश में पञ्चपल्लव अथवा आम के पत्ते रखें)

— सप्तमृदां प्रक्षेपः —

ॐस्योनापृथिवि नोभवा नृक्षरानिवेशनी ।। यच्छानःशर्म्मसप्रथाः।

कलश में सात स्थानों की मिट्टी (सप्तमृत्तिका) छोड़ें।

— फल प्रक्षेपः —

ॐ याः फलिनीर्य्याऽअफलाऽअपुष्पायाश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिप्प्रसू तास्तानो मुञ्चत्वꣳ हसः।। (कलश में सुपारी रखें)

— पञ्चरत्न प्रक्षेपः —

ॐपरिवाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्। दधद्रत्ना निदाशुषे।।

कलश में पांच प्रकार के रत्न डालें।

— हिरण्यप्रक्षेपः —

ॐहिरण्यगर्ब्भः समवर्त्तताग्रेभूतस्यजातः पतिरेकऽआसीत्। सदा धारपृथिवीन्द्या मुतेमाङ्कस्मैदेवाय हविषाविधेम॥ (कलश में दक्षिणा डालें)

- वस्त्रेण कलशं वेष्टयेत् -

ॐसुजातोज्ज्योतिषा सहशर्म्म व्वरूथ मासदत्त्स्वः। व्वासोऽअग्ने व्विश्वरूपꣳ संव्ययस्व व्विभावसो।। (कलश को वस्त्र से लपेट दें)

— कलशोपरि पूर्णपात्रं न्यसेत् —

ॐपूर्ण्णादर्व्वि परापतसुपूर्ण्णापुनरापत। व्वस्नेवव्विक्क्रीणावहा ऽइषमूर्जꣳ शतक्क्रतो।। (कलश पर पूर्णपात्र रखें।)

- पूर्णपात्रोपरि नारिकेलं न्यसेत् -

ॐश्रीश्चतेलक्ष्मीश्चपत्क्न्यावहोरात्रे पार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम्। इष्णन्निषाणा मुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽइषाण।।

पूर्णपात्र पर नारियल रखें।

— वरुणं आवाहयेत् —

अक्षत पुष्प लेकर वरुण भगवान् का आवाहन करें।

ॐ तत्त्वायामिब्ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्तेयजमानोहविर्ब्भिः।

अहेड मानो वरुणेह बोध्युरुशꣳ समानऽआयुः प्रमोषीः।

अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सायुधं स शक्तिकं आवाहयामि स्थापयामि। ॐअपांपतये वरुणाय नमः। इति पञ्चोपचारैर्वरुणं सम्पूज्य।

चावल फूल छोड़कर, वरुणदेव की पञ्चोपचार से पूजा करें।।

–: कलशस्थित देवानां नदीनां तीर्थानां च आवाहनम् :–

निम्नलिखित मन्त्र पढ़ते हुए कलश में अक्षत छोड़ें।

ॐकलाकला हि देवानां दानवानां कला कलाः।
संगृह्य निर्मितो यस्मात् कलशस्तेन कथ्यते।।
कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठेरुद्रः समाश्रितः।
मूले त्वस्यस्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।।
कुक्षौ तु सागराः सप्त सप्तद्वीपा च मेदिनी।
अर्जुनी गोमती चैव चन्द्रभागा सरस्वती।।
कावेरी कृष्ण वेणा च गङ्गा चैव महानदी।
तापी गोदावरी चैव माहेन्द्री नर्मदा तथा।।
नदाश्च विविधा जाता नद्यः सर्वास्तथा पराः।
पृथिव्यां यानि तीर्थानि कलशस्थानि तानि वै।।
सर्वे समुद्राः सरितः तीर्थानि जलदा नदाः।
आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षय कारकाः।।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।
अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः।।
अत्र गायत्री सवित्री शान्तिः पुष्टिकरी तथा।
आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षय कारकाः।।

प्रतिष्ठापनम्–ॐमनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञꣳसमिमन्दधातु।। व्विश्श्वेदेवासऽइहमादयन्तामोंऽ३॥ प्रतिष्ठ।।

कलशे वरुणाद्यावाहित देवताः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

कलशे वरुणाद्यावाहित देवताभ्यो नमः। विष्णवाद्यावाहित देवताभ्यो नमः इति वा। षोडशोपचारैःपूजनम् कुर्यात्। आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि। पादयोः पाद्यं समर्पयामि। हस्तयोः अर्घ्यं समर्पयामि। मुखे आचमनीयं जलं समर्पयामि। सर्वाङ्गेस्नानं समर्पयामि। पञ्चामृत स्नानं समर्पयामि। शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। वस्त्रं समर्पयामि। आचमनीयं जलं समर्पयामि। हस्तौप्रक्षाल्य। यज्ञोपवीतं समर्पयामि। आचमनीयं समर्पयामि।

उपवस्त्रं समर्पयामि। गन्धं समर्पयामि। अक्षतान् समर्पयामि। पुष्पमालां समर्पयामि। नानापरिमल द्रव्याणि समर्पयामि। धूपमाघ्रापयामि। प्रत्यक्षदीपं दर्शयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य। नैवेद्यं समर्पयामि। आचमनीयं जलं समर्पयामि। मध्ये पानीयं उत्तरापोशनं च समर्पयामि। ताम्बूलं समर्पयामि। कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्य दक्षिणां समर्पयामि। मन्त्र पुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

–: कलश प्रार्थना :–

देव दानव संवादे मथ्यमाने महोदधौ।
उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्।।
